तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 31 मार्च 2025

11 लहरी सिंह पार्क की देखरेख पर हर महीने हजारों...



12 दहेज प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने फंदे से लटकर दी जान



## खबर संक्षेप

### घर से नकदी और जेवरात ले उड़े चोर

**गोहाना।** गांव कथूरा के योगेंद्र ने बरोदा थाना पुलिस को बताया कि वह दिल्ली में डीटीसी विभाग में परिचालक है। वह 27 मार्च को अपने घर पर ताला लगाकर ड्यूटी पर गया था। उसकी मां रोहतक में रह रहे छोटे भाई के पास चली गई थी। जब उसकी मां रोहतक से वापस गांव लौटी तो चोरी का पता चला। इसके बाद वह अपने भाई के साथ गांव आया और सामान की जांच की। 50 हजार रुपये व जेवर चोरी कर ले गए।

### कथूरा में घर में सेंध लगा जेवर चुराए

**गोहाना।** गांव कथूरा की सुशीला ने पुलिस को बताया कि वह 24 मार्च को घर पर ताला लगाकर रोहतक के गांव चिड़ी में अपनी बहन के पास गई थी। शनिवार को वह घर आई तो ताला टूटा मिला। वह घर के अंदर गई तो कुंडी समेत ताला काटा गया था। लोहे की अलमारी से सामान बिखरा हुआ था और लाकर खुले थे। उसके घर से सोने व चांदी के जेवर चोरी किए गए। उसके पेंशन खाते की पासबुक भी नहीं मिली।

### पंचायत विभाग के जिम से सामान चुराया

**गोहाना।** गांव महमूदपुर में पंचायत विभाग द्वारा स्टेडियम में जिम खोला गया है। चोरों ने यहां सेंध लगाकर सामान चोरी कर लिया। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। गांव गढ़ी उजाले खां का अमित यहां पर चौकीदार है। उसने पुलिस को बताया कि वह ड्यूटी करके जिम के ताले बंद करके घर चला गया था। बाद में कोच सोमबीर स्टेडियम में आए तो जिम के दोनों ताले टूटे मिले। चोर यहां से 25 किलोग्राम की दो प्लेट, ढाई किलोग्राम की आठ प्लेट, पांच किलोग्राम की चार प्लेट, स्कुडर्स स्टैंड व एक मशीन की राड चोरी कर ले गए।

### ट्यूबवेल की 5 हार्स पावर मोटर चुराई

**गोहाना।** गांव जागसी के कृष्ण ने बरोदा थाना पुलिस को बताया कि वह खेती करता है। उसने अपने खेत में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल लगा रखा है, जिसे चलाने के लिए मोटर लगाई गई थी। वह खेत में गया तो पांच हार्स पावर की मोटर नहीं मिली।

### बिजलीघर की मुख्य लाइन का तार चोरी

**गोहाना।** बिजली निगम ने गांव खानपुर कलां में 33 केवी का बिजलीघर बना रखा है। चोरों ने मुख्य लाइन से तार चोरी किया। गांव गामड़ी में मौजी के पोली हाउस से खेड़ी गांव की सडक़तक लगभग 1750 मीटर लंबा तार चोरी किया गया। तार चोरी करने के बाद बिजली सप्लाई बंद हो गई। इसके बाद एरिया इंचार्ज जगबीर सिंह ने एचएम अमित के माध्यम से निगम के एसडीओ कार्यालय में अधिकारियों को अवगत कराया। चोरों ने गुरुवार व शुक्रवार की रात को तार चोरी किया था, जिसकी कीमत लगभग 4.75 लाख रुपये है। एसडीओ सुनील की शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

### घर के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में घर के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सैलौट उत्तर प्रदेश निवासी देवेंद्र पाल ने बताया कि वह आईटीबीपी कैंप के पास बाबा कॉलोनी में रहता है। गत रात को अपनी मोटर साइकिल को घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

---

### दमकल विभाग के कर्मचारी आग पर काबू पाने का करते रहे प्रयास

# शॉर्ट सर्किट से फोम फैक्टरी में लगी आग

- दिल्ली, पानीपत, सोनीपत से बुलानी पड़ी दमकल विभाग की गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नाथूपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित फाम बनाने की फैक्ट्री में शार्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। रा मेटेरियल होने के चलते देखते ही देखते आग बढ़ती चली गई जिसके बाद फैक्ट्री से श्रमिकों को बाहर निकाला गया। एहतियात के तौर पर आसपास की फैक्ट्री भी खाली करवाई गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग काबू में नहीं आई, जिसके बाद आसपास के क्षेत्र से भी मौके पर गाड़ी बुलाई गई। घंटों की मशक्कत के बाद आग भी आग पर पूरी तरफ काबू नहीं पाया जा सका। समाचार लिखे जान तक दमकल विभाग की टीमें आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है।

#### करोड़ों रुपये का माल जलने की आशंका

नाथूपुर औद्योगिक क्षेत्र अमेरिकन बाइडिंग फैक्ट्री में फोम का सामान बनाने का काम होता है। रविवार को भी कर्मचारी फैक्ट्री में काम कर रहे थे। दोपहर बाद अचानक से फैक्ट्री के एक हिस्से से धुआं उठने लगा। जब तक उस पर काबू पाने का प्रयास किया। तब तक आग की लपट उठने लगी। देखते ही देखते लपट बढ़ती गई। आग अचानक इतनी भयंकर हो गई कि मौके पर फैक्ट्री में लगा हुआ फायर सिस्टम भी काम नहीं कर पाया।

फैक्ट्री में मौजूद श्रमिकों को बाहर सुरक्षित निकाल लिया गया था, जिसके चलते फैक्ट्री का काफी हिस्सा आग की चपेट में आ गया। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और अग्निशमन की गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। मशक्कत के बाद भी आग कम नहीं हुई तो राई, सोनीपत, नरेला, गन्नौर समेत कई जगह से अग्निशमन की गाड़ी बुलाई गई। आसपास की फैक्ट्रियों तक आग पहुंचने की आशंका के चलते श्रमिकों को बाहर निकाल दिया गया। मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। दूर तक आग की लपट और धुआं दिखाई दिया। मशक्कत के बाद देर शाम तक आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे थे। फैक्ट्री के कुछ हिस्सों में आग धधक रही है। सामान जलने से फैक्ट्री मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है।





सोनीपत। फैक्टरी में लगी आग व आग बुझाने का प्रयास करते हुए दमकल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### टीन शेड होने के चलते आ रही परेशानियां

*आग लगने की सूचना मिली थी। आठ गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। अलग-अलग स्टेशनों से गाड़ियों को बुलाया गया है। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। टीन शेड होने के चलते परेशानियां आ रही है। शॉर्ट सर्किट आग का कारण बताया जा रहा है।*

*-दीपक शर्मा, दमकल विभाग सोनीपत*

---



सोनीपत। शिष्टाचार भेंट के दौरान मौजूद मुख्यमंत्री व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने, वीरेंद्र बंसल से की शिष्टाचार भेंट

**सोनीपत।** हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने सोनीपत प्रवास के दौरान शिक्षाविद् एवं समाजसेवी वीरेंद्र बंसल (प्रबंधक, शिवा शिक्षा सदन) के निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर शिवा शिक्षा सदन के निदेशक एवं समाजसेवा में समर्पित अरुण बंसल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। उनके साथ अरविंद शर्मा (सहकारिता, जेल, चुनाव, विरासत एवं पर्यटन मंत्री), मोहन लाल बड़ौली (प्रदेश अध्यक्ष, हरियाणा), राजीव जैन (महापौर, सोनीपत) सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री जी ने शिवा शिक्षा सदन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की और आधुनिक शिक्षा पद्धतियों में विद्यालय की भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर प्रकाश डाला कि शिवा शिक्षा सदन न केवल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें तकनीकी एवं नैतिक रूप से सशक्त बनाकर समाज के आदर्श नागरिकों के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस मुलाकात में मुख्यमंत्री जी ने परिवार के सदस्यों से आत्मीयता के साथ बातचीत की। वीरेंद्र बंसल से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह भेंट औपचारिक नहीं, बल्कि वर्षों से स्थापित आपसी सम्मान और स्नेह का प्रतीक है।

---

# प्रदीप ने सीएम को हलके की ग्रांट का मांगपत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

भाजपा से बरोदा हलका के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य प्रदीप सांगवान ने अपने निवास पर मुख्यमंत्री नायब सैनी को बरोदा हलका की ग्रांटों का मांगपत्र और ग्रामीणों द्वारा समस्याओं के निवेदन सौंपे। प्रदीप के अनुसार मुख्यमंत्री ने मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन देते हुए उनके लिए ग्रांटों को स्वीकृति प्रदान की।

प्रदीप सांगवान के अनुसार बरोदा हलका क्षेत्र में सडक़ों के सुधारीकरण और पेयजल आपूर्ति सहित गांवों में अन्य विकासकार्यों की जरूरत है। हलका क्षेत्र के लोगों ने जिन मांगों को लेकर उनके पास निवेदन भेजे थे वे सभी मुख्यमंत्री को सौंप दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने विकासकार्यों के लिए ग्रांटों पर भी अपनी स्वीकृति दी है। ऐसे में हलका क्षेत्र में जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान करवाया जा सकेगा।



- मुख्यमंत्री ने ग्रांटों को लेकर अपनी स्वीकृति दी, होगा समस्याओं का समाधान

गोहाना। मुख्यमंत्री को मांगपत्र सौंपते हुए प्रदीप सांगवान। फोटो : हरिभूमि

पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने अपने निवास पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, उनके साथ पहुंचे भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, गोहाना जिला के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, विधायक पवन खरखौदा, सोनीपत जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज और जसबीर दोदवा का स्वागत किया। इस अवसर पर निशांत छोकर, रणबीर सांगवान, वीरेंद्र सांगवान, डॉ. राममेहर राठी, जितेन्द्र शर्मा, सूरत सिंह, बबीता दहिया व आदि उपस्थित रहे।

---

# कंपनी के खाते से लाखों रुपये की राशि ट्रांसफर, मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- कंपनी मालिक का आरोप न ओटीपी व न कोई संदेश पहुंचा

जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठगों ने एक कंपनी के खाते से 6.50 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर कर ली। कंपनी मालिक के पास न तो कोई ओटीपी आया और न ही कोई संदेश उसके पास पहुंचा। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जिला साइबर थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

यूनीक्रिटी बिल्डिंग साल्यूशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर एल्डिको काउंटी निवासी अंकुर गोयल ने बताया कि 25 मार्च को कंपनी के खाते की जांच की तो पता चला कि खाते से 6.50 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर हुई है। इस पर उन्होंने अपने बड़े भाई राबिन गोयल से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने भी खाते से किसी तरह का कोई भुगतान नहीं किया। अंकुर का कहना है कि किसी भी बड़े ट्रांजेक्शन के लिए उनके मोबाइल नंबर पर आटीपी आना चाहिए था, लेकिन उनके पास कोई मैसेज नहीं आया। जब उन्होंने बैंक से संपर्क किया तो रुपये ट्रांसफर होने का पता चला। जब इसकी जांच की तो पता चला कि साइबर ठगों ने फर्जी वेबसाइट और कागजात जरिए खोले गए खाते में रुपये ट्रांसफर किए गए है।

#### मामले की हो रही जांच

*कंपनी के खाते से ठगी करके लाखों रुपये की राशि के ट्रांसफर करवाने के आरोप का मामला सामने आया है। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।*

*-एसआई नवदीप सिंह, जांच अधिकारी*

---

# सड़क हादसों में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- परिजनों के बयान पर वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमें दर्ज
- पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपे

सदर थाना सोनीपत व बहालगढ़ थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत होने के आरोप का मामला सामने आया है। मामलों की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची संबंधित थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिए है। पुलिस ने आरोपित वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमें दर्ज कर लिए है। बिहार के जिला पटना के फरीदा मुरगिरया के रहने वाले प्रसाद पासवना कुमासपुर स्थित नेयर बायो फूड में काम करते थे। शनिवार शाम करीब सात बजे कंपनी से छुट्टी के बाद जीटी रोड पर जा रहा थे। जबकि गणपति ढाबे के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार वाहन ने उनको टक्कर मार दी। हादसे मं वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें संभाला जब तक अस्पताल ले जाया जाता उन्होंने दम तोड़ दिया। मृत के भांजे वृंद पासवान की शिकायत पर थाना बहालगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### आरोपी वाहन चालकों की तलाश

*अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। आरोपित वाहन चालकों की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।*

*-रविंद्र कुमार प्रवक्ता सोनीपत पुलिस*

#### महलाना के पास श्रमिक की मौत

बिहार के जिला सुपौल के मान गांज गांव के सिधू ऋषि अपने भांजे के साथ गांव महलाना में रह कर खेतों में काम करते थे। वह शनिवार को खेतों में काम कर अपने भांजे रमेश के साथ गांव की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उनको टक्कर मार दी। हादसे में रमेश बाल-बाल बचा। उसने अपने मामा को संभाला। राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। भांजे की शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा जाएगी। जल्द ही वाहन चालक का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

---

# जिले में 348 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई लर्नर्स की परीक्षा

- 20183 ने करवाया था पंजीकरण, 12106 प्रथम सत्र में उत्तीर्ण कर चुके हैं परीक्षा

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ सोनीपत

प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने व निरक्षरता को खत्म करने के उद्देश्य से शुरू की गई उल्लास योजना के तहत रविवार को परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा को लेकर जिले में बनाए गए 348 परीक्षा केंद्रों पर 6325 लर्नर्स ने परीक्षा दी। परीक्षा को लेकर बुजुर्गों में भी खासा उत्साह देखा गया। खरखौदा के गांव खेड़ी दहिया में पेपर देने पहुंचे बुजुर्गों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। सुबह 10 बजे शुरू हुई परीक्षा दोपहर बाद तीन बजे संपन्न हुई। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उल्लास की शुरुआत वर्ष 2022 से की गई थी। हालांकि प्रदेश में इसे वर्ष 2024 में ही शुरू किया गया है। जिसके तहत रविवार को उल्लास की दूसरी परीक्षा थी। इससे पहले सितंबर 2024 में पहली बार परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें 15 साल से अधिक आयु के 20183 लर्नर्स ने अपना पंजीकरण करवाया था। प्रथम चरण में 12449 ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 12106 ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। दूसरे चरण में शेष लर्नर्स में 6325 ने परीक्षा दी है। परीक्षा का परिणाम भी जल्द जारी किया जाएगा।

#### 150 अंक के पेपर को तीन भागों में किया विभाजित

केंद्र सरकार की नव भारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के तहत 15 वर्ष या इससे अधिक आयु के निरक्षरों को चिह्नित कर साक्षर करना है। इस उद्देश्य से रविवार को परीक्षा आयोजित की गई। 150 अंक के पेपर को तीन भागों पढ़ना, लिखना व संख्यात्मक में विभाजित किया गया था। वर्ष 2022 में शुरू की गई योजना वर्ष 2027 तक चलेगी। परीक्षा के दौरान प्रत्येक 25 निरीक्षकों पर जांचकर्ता नियुक्त किया गया। प्रत्येक विद्यालय मुखिया व इंचार्ज ने एक परिणाम रजिस्टर तैयार किया, जिसे पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

#### परीक्षा को लेकर बुजुर्गों में गजब का उत्साह नजर आया

*साक्षरता दर बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किए गए उल्लास कार्यक्रम का यह दूसरा सत्र रहा। जिसके तहत जिले में बनाए गए 348 परीक्षा केंद्रों पर 6325 लर्नर्स ने परीक्षा दी। पेपर का मूल्यांकन कर रिकॉर्ड शिक्षा निदेशालय को भेज दिया गया है। जहां से यह नेशनल ओपन स्कूल में भेजा जाएगा, जिसके बाद परिणाम तैयार किया जाएगा। परीक्षा को लेकर बुजुर्गों में गजब का उत्साह नजर आया।*

*-राजेश दहिया, जिला उल्लास समन्वयक*

---

**बैठक** कानूनों में बदलाव की मांग को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बडौली के सामने रखा

# नए कानूनों के खिलाफ लामबंद हुए खाद बीज और कीटनाशक दवाई विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरियाणा सरकार द्वारा बीज व कीटनाशक दवाई अधिनियम में बदलाव का कानून पारित किया गया है। इस बिल के विरोध में मुरथल रोड सोनीपत स्थित एक निजी बैंक्विट में जिला फर्टिलाइजर पेस्टिसाइड एंड सीड्स एसोसिएशन द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर के लगभग 250 डीलरों ने भाग लिया। इस मीटिंग में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने व्यापारियों की समस्या सुनी। एसोसिएशन के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि इस कानून के तहत बीज व कीटनाशक दवाई को निम्नस्तर या अमानक पाए जाने पर निर्माता व विक्रेता दोनों के खिलाफ जुर्माना और सजा का प्रावधान किया गया है, इसको गैर जमानती अपराध श्रेणी में रखा गया है जो कि सरासर गलत है क्योंकि बीज व कीटनाशक दवाई पैक करने या बनाने का लाइसेंस सरकार द्वारा ही दिया जाता है और विक्रेता के लाइसेंस में बीज व कीटनाशक दवाई बनाने या पैक करवाने वाले निर्माता के ऑथोरिटी लेटर के बिना कोई डीलर माल नहीं बेच सकता है, बीज व कीटनाशक दवाई बनाने व पैक करने वाले के ऑथोरिटी लेटर को डीलर के लाइसेंस में कृषि विभाग द्वारा दर्ज किया जाता है। जिला व्यापार मंडल के चेयरमेन संजय वर्मा ने बताया कि सिर्फ सरकार से लाइसेंस शुदा निर्माता से माल खरीदकर,जिला कृषि विभाग से ऑथोरिटी लेटर चढ़वाकर और बिल पर माल लेने के बाद भी गुणवत्ता का जिम्मेदार बनकर विक्रेता जुर्माना क्यों भरेगा और जेल में क्यों जाएगा। इस कानून पर पुनर्विचार करके फैसला लिया जाना चाहिए और सभी पक्षों के सुझाव भी सुने जाने चाहिए। इस मीटिंग में मुख्य रूप से गोहाना प्रधान अंकित मान, राजकुमार गोहाना, गन्नौर प्रधान सुरेश , बहालगढ़ प्रधान गगन बंसल, खरखोदा से बिट्टू दहिया, भारत भूषण, रमेश जैन, संतकुमार,राजेश सिंगला, तरुण खत्री आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। बैठक के दौरान डीलरों को संबोधित करते हुए मेयर राजीव जैन। फोटो : हरिभूमि

---

# तीन किलो अफीम सहित आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

- हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की यूनिट ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (एचएसएनसीबी) की रोहतक यूनिट ने खरखौदा में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए तीन किलो अफीम बरामद की है। नशे की यह खेप कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे के रास्ते लाई जा रही थी। टीम ने इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान सोनीपत के गढ़ी ब्राह्मण निवासी सचिन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ खरखौदा थाने में मामला दर्ज कर लिया है। एचएसएनसीबी की रोहतक यूनिट को गुप्त सूचना मिली थी कि सचिन नामक युवक केएमपी मार्ग से अफीम की खेप लेकर आ रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एएसआई संदीप ने अपनी टीम के साथ पिपली टोल प्लाजा के पास नाकाबंदी की और वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान एक वैगनआर कार को रोका गया। जब चालक से नाम-पता पूछा गया तो उसने खुद को सोनीपत के गढ़ी ब्राह्मण का रहने वाला सचिन बताया। इसके बाद एईटीओ संदीप पुनिया को मौके पर बुलाया गया और कार की तलाशी ली गई। जांच के दौरान डैशबोर्ड से छह थैलियां बरामद हुईं, जिनमें कुल तीन किलो चार ग्राम अफीम मिली। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सचिन को गिरफ्तार कर लिया और कार को जब्त कर लिया। खरखौदा थाने में आरोपी पर केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# साहित्य

*मृत्यु तो प्रभु का आमंत्रण है। जब वह आए तो द्वार खोलकर उसका स्वागत करो और चरणों में हृदयधन सौंपकर अभिवादन करो।*
**- रविंद्रनाथ टैगोर**



*अंधेरी सुनसान रात में ऊपर से लेकर नीचे तक पसीने से नहाए उसके कदम लड़खड़ाकर, गिरने को हो गए। लेकिन तभी साये की मजबूत बाहों ने उसे कसकर थाम लिया तथा गिरने से बचा लिया। इस अकस्मात मदद से कुछ क्षण के लिए उसकी सांसें रुक गई तथा आंखों के आगे अंधेरा छा गया। इस घुप्प अंधेरे में साये की बाहों के मजबूत बंधन में उसे केवल वहशीपन की बू आ रही थी।*



*संध्या के अचानक चिल्लाने से वह मुस्कुरा पड़ा और कंचे की तरह गोल घूमती मोटी-मोटी आंखों से उसे घूरने लगा। ऐसा लग रहा था जैसे वह अभी कपटी बाज की तरह उस पर झपटेगा और भूखे भेड़िए की भांति उसके जिस्म के टुकड़े-टुकड़े करके नोच डालेगा। वह भय के मारे बेहताशा भागने लगी, लेकिन उसने, उसके पीछे भागकर उसे पकड़ लिया और बाहों के पाश में भरकर अपने रुमाल से माथे का पसीना पोंछते हुए – 'आराम से चलिए, घबराइए नहीं ।' संध्या फिर से चिल्लाते हुए – 'आप मेरे पीछे क्यों पड़े हैं', जाते क्यों नहीं? मुझे मेरे हाल पर छोड़िए और जाइए यहां से। मैं आप जैसे चालबाज लुटेरों को बड़े अच्छे से जानती हूं। पहले किसी की मजबूरी पर हमदर्दी जताकर विश्वास हासिल कर लेते हो, फिर सब कुछ लूटकर चलते बनते हो।'*



कहानी
अर्चना कोचर

# शुभरात्रि

दफ्तर से घर के रास्ते में अचानक कैब खराब हो गई। रात बड़ी अंधियारी और सड़क बिल्कुल सुनसान थी। घर और रास्ते की दूरी लगभग बीस किलोमीटर थी। भाई और पापा दोनों शहर से बाहर गए हुए थे। और-तो-और इंटरनेट भी गायब था। संध्या बदहवास सड़क पर पैदल पागलों की भाँति भागी जा रही थी और साथ-साथ चल रहा था वह घुप्प अंधेरा। तभी उसे ऐसा आभास हुआ जैसे कोई साया उसके साथ-साथ चल रहा है। परछाई होगी, समझ कर नजरअंदाज कर दिया। लेकिन तभी वह साया बिल्कुल करीब आ गया।

यह मन का वहम नहीं, अपितु हकीकत है। डर के मारे उसकी घिग्घी बंध गई । अंधेरी सुनसान रात में ऊपर से लेकर नीचे तक पसीने से नहाए उसके कदम लड़खड़ाकर, गिरने को हो गए। लेकिन तभी साये की मजबूत बांहों ने उसे कसकर थाम लिया तथा गिरने से बचा लिया। इस अकस्मात मदद से कुछ क्षण के लिए उसकी सांसें रुक गई तथा आंखों के आगे अंधेरा छा गया। इस घुप्प अंधेरे में साये की बाहों के मजबूत बंधन में उसे केवल वहशीपन तथा कंचे सी चमकती आँखों से वासना की बू नजर आ रही थी। तभी सुनसान को चीरती उसकी मधुर तथा धीमी आवाज, 'आप ठीक तो हैं।' संध्या ने मौन तथा सहज होते हुए स्वयं को उसके बंधन से आजाद किया । उसका वहीं सवाल फिर से, 'आप ठीक तो हैं।' संध्या ने बड़े धीमे से - हाँ, बोला। अब वह साया कदम-से-कदम मिलाकर उसके साथ-साथ चलने लगा। संध्या तेज-तेज कदमों से जितना दूर होने का प्रयास करती, वह उतना करीब आता जा रहा था। मानो संध्या के कदमों की गति से अपने कदमों के सुर-ताल मिला रहा हो। उसने फिर से सुनसान को चीरते हुए - 'इस वक्त इस सुनसान सड़क पर अकेले कैसे ?

डर के मारे संध्या के स्वर नहीं निकल पा रहे थे। उसके भय और चुप्पी को भांपकर उसने ढांढस बंधाते हुए - 'आप डरिए नहीं, इतनी सुनसान सड़क पर अकेली कैसे', लगती तो आप किसी सभ्य घर से है'?

डर के मारे संध्या के होठ सिल गए, जिह्वा तालू से चिपक गई, शब्द कंठ तक तो आ रहे थे, लेकिन निकल नहीं पा रहे थे। वह बस बदहवास भागी जा रही थी। जैसे बीस किलोमीटर की दूरी दो ही मिनट में पूरी कर लेगी । वह जिस तरह से साथ-साथ चल रहा था, उसके हैवान होने का शक संध्या के दिमाग पर उतना ही गहराता जा रहा था। अपने पर काबू पाकर वह सिर्फ दो ही शब्द बोल पाई - 'आप यहाँ से जाइए, मैं अपने-आप चली जाऊँगी।' उसने कहा - 'सड़क सुनसान है, घुप्प अँधेरा है, शहर यहाँ से लगभग बीस किलोमीटर की दूरी पर है । इस समय सड़क पर शायद ही कोई वाहन मिले। 'संध्या ने फिर से हिम्मत बटोरकर - "बोला ना, आप जाइए! मैं चली जाऊँगी ।" उसने कहा, "आगे थोड़ा जंगल का रास्ता है। इस समय जंगली जानवरों तथा अराजक तत्वों का खतरा होता है। आपके लिए अकेले वहां जाना सुरक्षित नहीं है।" संध्या ने मन-ही-मन, 'मैंने तुम्हारी आँखों में हैवानियत पढ़ ली है। अपने-आप को बड़े औरत के रखवाले और परम हितैषी समझते हो। मर्द परम हितैषी बनकर ही तो औरत को धोखा देते हैं। मैं तुम्हारे झांसे में नहीं आने वाली हूँ । क्यों उल्लू बना रहो'?

संध्या उससे जितना दूर भागने की कोशिश करती, वह उतना ही उसके साथ-साथ हो लेता। उसने फिर वहीं बात दोहरा दी - 'आपने अपना नाम नहीं बताया, इस सुनसान सड़क पर कैसे'?

'संध्या तुतलाते हुए - 'संध्या, कैब खराब हो गई थी'। फिर एकदम से चिल्लाकर - 'बस बता दिया सब कुछ', अब आप मुझे मेरे हाल पर छोड़कर यहां से जाइए।

संध्या के अचानक चिल्लाने से वह मुस्कुरा पड़ा और कंचे की तरह गोल घूमती मोटी-मोटी आंखों से उसे घूरने लगा। ऐसा लग रहा था जैसे वह अभी कपटी बाज की तरह उस पर झपटेगा और भूखे भेड़िए की भांति उसके जिस्म के टुकड़े-टुकड़े करके नोच डालेगा। वह भय के मारे बेहताशा भागने लगी, लेकिन उसने, उसके पीछे भागकर उसे पकड़ लिया और बाहों के पाश में भरकर अपने रुमाल से माथे का पसीना पोंछते हुए - 'आराम से चलिए, घबराइए नहीं ।' संध्या फिर से चिल्लाते हुए - 'आप मेरे पीछे क्यों पड़े हैं', जाते क्यों नहीं? मुझे मेरे हाल पर छोड़िए और जाइए यहाँ से। मैं आप जैसे चालबाज लुटेरों को बड़े अच्छे से जानती हूँ। पहले किसी की मजबूरी पर हमदर्दी जताकर विश्वास हासिल कर लेते हो, फिर सब कुछ लूटकर चलते बनते हो।' वह फिर मुस्कुराते हुए - "संध्या जी मेरा नाम गौरव है ।" उसने चिढ़ते हुए - "गौरव-सौरव या कुछ और, फिर मैं क्या करूं ?" वह ढिठाई से मुस्कुराते हुए - 'जी पक्का-पक्का गौरव ही है। 'अब पकड़म-पकड़ाई और नोकझोंक में काफी समय हो गया था। आगे का रास्ता सुनसान, अँधकारमय तो था ही, साथ में गहरे जंगल से घिरा था। संध्या के पास भी उसके साथ चलने के अलावा कोई चारा नहीं था। अतः उसने भी मन के भय को खत्म करके सहज होकर उसके साथ चलने में ही अपनी भलाई समझी। अब न वह कुछ बोला और न ही संध्या। वह दोनों चुपचाप रास्ते की दूरी नाप रहे थे । संध्या बीस किलोमीटर के रास्ते को कदमों से नाप रही थी और वह कदम-से-कदम मिलाकर उसका साथ निभा रहा था। पीछे से गाड़ी का हॉर्न सुनकर, अपने पास रुकता देख संध्या डर के मारे लड़खड़ा गई।

गौरव उसका हाथ पकड़कर उसे सड़क के किनारे ले आता है। तभी गाड़ी उनके पास आकर रुकती है और दरवाजा खुलता है। अंदर दो जन - एक ड्राइवर की सीट पर तथा एक पीछे बैठा था। गौरव उसे अंदर बैठने के लिए बोलता है, लेकिन वह चिल्लाना शुरू कर देती है - 'मैं आप जैसे कपटी-दगाबाज लोगों को बड़े अच्छे से जानती हूँ, पहले विश्वास जमाते हो, फिर गैंग में लूटते हो।' उसने मुस्कुराकर विनयपूर्वक उसे फिर से अंदर बैठने के लिए कहा। लेकिन संध्या के जोर-जोर से चिल्लाने पर गौरव ने उसके मुँह पर हाथ रखकर, उसे धक्का देकर गाड़ी के अंदर बैठा दिया। फटाफट दरवाजें बंद किए और गाड़ी चल पड़ी । संध्या बेचैन कभी भगवान को याद करती, कभी अपनी फूटी किस्मत को, 'इस कैब को भी आज ही खराब होना था, जब घर पर कोई नहीं है। आज तो तू लुटी-ही-लुटी या तो तेरा राम-नाम सत होगा या ताउम्र बदचलन, बेहया का ठप्पा और मीडिया की बेचारी बनी-बनी न जाने कहाँ-कहाँ मशहूर हो जाएगी?' तभी गौरव ने पूछा - 'कहां जाना है आपको?' संध्या की डर के मारे जुबान निकल ही नहीं रही थी। ऐसा लग रहा था जैसे उसने कुछ बोला है और इन्हें सुनाई नहीं दिया। गौरव ने फिर जोर से पूछा - "संध्या जी, मैं पूछ रहा हूँ, आपका घर कहां पर है ? " संध्या कुछ जवाब देती इससे पहले ही ड्राइवर - 'साहब, मैं तो गाड़ी फैक्ट्री के गैराज से निकालने गया था, इतनी देर में आप न जाने कहां गायब हो गए। मैं और सौरव साहब (पीछे बैठा व्यक्ति शायद गौरव का भाई होगा) बड़ी देर तक आपको फैक्ट्री के अंदर-बाहर ढूंढते रहे। आप फोन तो वहीं छोड़ आए और गाड़ी की चाबी भी साथ ले आए थे।

तभी गौरव जेब टटोलते हुए - 'ओह! बस वैसे ही पैदल चलने का मन हो आया था।' सौरव- 'गौरव, ऐसे कैसे तुम एकदम सुनसान सड़क पर अकेले पैदल बिना कुछ बताए चाबी जेब में डाले निकल आए'? 'यह तो शुक्र है आज दूसरी गाड़ी फैक्ट्री में खड़ी थी और हम निकल आए। तुम्हें पता है यह जंगल का रास्ता कितना सुनसान और खतरनाक है। अकेले और पैदल यहां कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। भाई दो-चार किलोमीटर हो तो पैदल की सोचते, पूरा बीस किलोमीटर, वो भी जंगल, खतरों के खिलाड़ी बनने का इरादा है क्या?

गौरव - हूं। संध्या मन-ही-मन शायद मुझे सुनसान सड़क पर पैदल चलता देखकर यह साया मेरी हिफाजत में मेरी और आया होगा। तभी संध्या हिम्मत करके - 'गौरव जी, मुझे बस्तीपुरा जाना है।' गौरव ने ड्राइवर को गाड़ी बस्तीपुरा में घुमाने को बोला। बस्तीपुरा पहुंचकर संध्या को उसके घर के बाहर गेट पर उतारते हुए- अभी संध्या अपनी कृतज्ञता प्रकट करने ही वाली थी कि गौरव एकदम से मुस्कुरा कर - 'संध्या जी, सारे राहगीर चालबाज, भेड़िए और लुटेरे नहीं होते हैं। अच्छा चलते हैं, शुभरात्रि !

कविता | डॉ. बबिता सिंह

## जीवन



*इंद्रधनुषी सतरंगी*
*झिलमिल हो नभ पंथ*
*कनक थाल में मेघ सजा हो*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*सुरमई शाम*
*आँगन में दीप*
*नूपुर की रुनझुन से ,*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*अंतर्मन भर पुलक*
*अरुण का सूर्य कलश*
*पाँव में महावर हो ,*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*अलि गूँजित मधुवन*
*सुधि से सुरभित स्नेह*
*स्पंदन ले अंक में ,*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*चिर अनमोल बंधन*
*प्रेम की परिधि*
*सागर की मोती सा,*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*अंबर में विद्युत*
*उर में है बादल*
*साँसों के सौरभ-सा,*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*मधुरता अलक्षित*
*स्वर्ग सा श्रृंगार*
*संगीत की झंकार से*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

*पवन हौले मृदुल*
*पावस का पलक डोल*
*तारों की चाँदनी-सा,*
*हो जीवन उद्गार प्रिय।*

ग़ज़ल | कृष्ण गोपाल विद्यार्थी

## इस ज़मीं का आदमी



इस ज़मीं का आदमी जब से खुदा होने लगा।
ज़िन्दिगी का ज़ायका ही बदमज़ा होने लगा।

ये अमन के पोस्टर जब से लगे हैं शहर में,
हर गली, हर मोड़ पर एक हादसा होने लगा।

आदमी शायद अजायबघर में ढूंढा जाएगा,
गर शहर में आए दिन ये सिलसिला होने लगा।

बढ़ गये नाखून,जबड़ों से टपकता है लहू,
आजकल के आदमी को जाने क्या होने लगा।

रोशनी देने के बदले घर जलाते हैं चिराग़,
अब शहर में जंगलों सा वाकया होने लगा।

ग़ज़ल | पं. कमल कांत भारद्वाज

## असली मुखौटा



सब कुछ बता दिया मेरा हाथ देख कर
ये सब बताया उसे मेरे साथ देखकर

मैं अकेला ही लड़ लूँगा अपने मुक़द्दर से
मुझे संभल जाना चाहिए दुश्मन की चाल देखकर

वो आया था मुझे मिलने मेरे सायबान में
वापस लौट गया मेरा हाल बेहाल देखकर

ये सब जैसे दिखते हैं तुम्हें वैसे है नहीं
चेहरों पे नक़ाब डाल लेते हैं माहौल देखकर

किसे बतायें 'कमल' फ़लसफ़े अपनी ग़ुरबत के
अपनो ने ही ख़ंजर चला दिया बदहाल देखकर



कविता | राजेश भारती

## एक दिन

एक दिन ऐसे ही बादल छूकर चला गया
धूप पत्तों पर ठिठकी, फिर लौट आई
हवा में गुनगुनाहट सी बिखर गई

सुबह की चाय में धुआँ उड़ा
खिड़की से झाँकती थी नन्ही चिड़िया
एक दिन ऐसे ही वक्त नर्म हो गया

गली के बच्चों की हँसी गूँजी
पेड़ की डाल पर सूरज झूलता रहा
मैंने चुपचाप समय को थाम लिया

शाम ने आकाश को गुलाबी रंग दिया
नदी किनारे चुपचाप लहरें सो गईं
एक दिन ऐसे ही दिल हल्का हो गया।



कविता | इन्दू घणघस

## पापा

उठते थे सवेरों से पहले,
सांझ को भी कहा चयन पाते थे।
मेरे कल की खातिर
अपने आज को भूल जाते थे।

सफलता की थपकी
विफलता का कंधा थे।
अंधेरी काली रात का,
चमकता चंदा थे।

बड़े सादे ख्याल थे उनके,
बड़ी सादि जिंदगानी थी।
अब तो ढल गया वो चांद,
उसकी चमक बड़ी नूरानी थी।

**साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए साहित्यकार कृष्ण लाल का कहना है कि आज के बदलते परिवेश में साहित्य की स्थिति चुनौतीपूर्ण है, जिसमें युवाओं में साहित्य के प्रति रुचि बेहद कम होना चिंता का विषय है। हर कोई गूगल या अन्य आधुनिक डिवाइसेज पर विश्वास करके पुस्तकों के पढ़ने में कम रुचि दिखा रहा है। साहित्य सर्जन के प्रति प्रेरित करने के लिए प्राइमरी स्कूल स्तर पर ही अथक प्रयास करने होंगे।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# प्रकृति व मानव के बीच दूरियां मिटाने में अहम साहित्य: कृष्ण

साहित्य और संस्कृति का समाज को नई दिशा देने में अहम योगदान माना गया है। इसी मकसद से लेखक, साहित्यकार एवं कलाकार अपनी अलग-अलग विधाओं में साहित्य साधना करते आ रहे हैं। ऐसे ही साहित्यकारों में शुमार कृष्ण लाल गिरधर ने साहित्यिक सफर में हिंदी, अंग्रेजी और हरियाणवी भाषा में अपनी कविताओं और आलेखों के माध्यम सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों को उजागर कर लोकप्रियता हासिल की है।

शिक्षाविद्, साहित्यकार एवं कवि कृष्ण लाल गिरधर ने हरिभूमि संवाददाता से बातचीत के दौरान कुछ ऐसे अछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें साहित्य के जरिए प्रकृति और मानव के बीच में बढ़ती दूरियां मिटाना संभव है। वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण लाल गिरधर का जन्म 12 सितंबर 1961 को रोहतक के निकटवर्ती गांव मदीना में मनोहर लाल और मीराबाई के घर में हुआ। पिता एक दुकानदार थे। गांव में ही खेतों खलियान के बीच प्रकृति की गोद में बचपन बीता और उनकी प्राथमिक शिक्षा दीक्षा हुई। राजकीय उच्च विद्यालय मदीना से उन्होंने मैट्रिक पास की और हिंदू कॉलेज रोहतक से 1981 में बी.ए. की परीक्षा पास करने के बाद सर छज्जू राम कॉलेज हिसार में बी.एड.में दाखिला लिया। सन 1982 में बतौर गणित अध्यापक के रूप में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल निदाना, साल 2002 में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला और साल 2005 से सितंबर 2019 (सेवानिवृत्ति) तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मदीना में कार्यरत रहे। करीब बीस साल उन्होंने अंग्रेजी मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य किया।

अध्यापन के दौरान उन्होंने एम.ए.(पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन), एम.ए.(अंग्रेजी) और एमएड. की परीक्षाएं महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक से उत्तीर्ण की। दरअसल उनका परिवार भारत विभाजन के बाद अमृतसर और उसके बाद कुरुक्षेत्र से जिला रोहतक में आकर बस गया। उनके परिवार में किसी प्रकार का कोई साहित्यिक माहौल नहीं था। सन 1978 में कॉलेज समय के दौरान उन्होंने पहली कविता लिखी और हिंदू कॉलेज रोहतक की तरफ से उन्होंने गॉड कॉलेज रोहतक में काव्य पाठ प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जब वह अंग्रेजी परीक्षा की तैयारी अपने गांव के पास नहर पर स्थित एक पेड़ के नीचे बैठकर कर रहे थे कि अचानक लगभग 5 फीट लंबा कोबरा सांप उनके सामने से गुजरा और सीधा नहर से पानी पीकर वापस उनके आगे से ही गुजर गया, लेकिन उसने उसे कोई हानि पहुंचाई। बकौल कृष्ण लाल, यहां से उन्हें एक संदेश मिला, जो कि जॉन मिल्टन ने भी कहा कि वह अंधा हो गया है, लेकिन परमात्मा ने उन्हें लेखन कार्य दिया है वह तो उन्हें करना ही पड़ेगा, वरना आगे उसके दरबार में वह क्या जवाब देगा। इस प्रकार उन्हें अंदर से ही एक प्रेरणा मिली और फिर कलम उठाकर लिखना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि सबसे पहले सन 1995 में राज्य शिक्षक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के जनसंख्या विभाग में मेरी दो हिंदी कविताएं प्रकाशित हुई। मार्च 2007 में 'मैं विकलांग नहीं हूं' शीर्षक कविता प्रकाशित हुई। साहित्यिक साधना में उनकी रचनाओं का फोकस पर्यावरण, सामाजिक कुरीतियों, मनुष्य का व्यवहार, मानवता, दया, सत्य, प्रेम करूणा आदि के भाव रहे है। अभी तक लगभग 60 हिंदी कविताएं प्रकाशित हैं और 100 कविताओं के कविता संग्रह पर काम जारी है। हरियाणवी भाषा में भी उन्होंने करीब 67 कविताएं लिखी, जिनमें से एक है 'शहर मह ताई' जो कि पर्यावरण पर कुठाराघात है, जो एनसीईआरटी गुड़गांव में भाषा प्रशिक्षण सेमिनार में सन 2005 में प्रस्तुत की गई। साहित्य साधना के अलावा कृष्ण लाल सामाजिक सेवा में भी सक्रिय हैं, जिन्होंने कोरोना काल के दौरान अज्ञात किडनी रोगी को स्वैच्छिक प्लाज्मा दान करके मानवीय भाव को प्रकट किया और समाज को जागरुकता के लिए महामारी के दौर में प्रकृति पोषण और मनुष्य और प्रकृति को लेकर कविताएं भी लिखी। भारत विकास परिषद जैसी सामाजिक संस्थाओं से जुड़े कृष्णलाल के लेख, कविताएं और विभिन्न पत्रिकाओं में भी प्रकाश होते आ रहे हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

साहित्यकार कृष्णलाल गिरधर की प्रकाशित अंग्रेजी भाषा की छह पुस्तकों में फीलिंग फेदर्स, लाइफ ( लिव, लव, लाफ़), लव एंड पीस तथा मी एंड माई अनसैड फिलिंग्स सुर्खियों में हैं। वहीं उनकी दो पुस्तकें नेचर नचर्स और मैन एंड नेचर कोरोना काल के दौरान लिखी गई, जबकि दो पुस्तकें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से संबन्धित प्रकाशित हुई हैं। इसके अलावा उन्होंने हिंदी साहित्य में करीब सौ कविताएं लिखी, जिनका संग्रह जारी है। उन्होंने 67 कविताएं हरियाणवी में लिखी हैं।



कृष्ण लाल गिरधर

### पुरस्कार व सम्मान

साहित्यकार कृष्ण लाल गिरधर को उनकी पुस्तक पर मेघालय के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक से राज्यपाल पुरस्कार मिल चुका है। वहीं उन्हें अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी साहित्य के करीब 75 सम्मान पत्र (सर्टिफिकेट) मिले हुए हैं। हरियाणा साहित्य अकादमी से भी उन्हें पुस्तक मी एंड माई अनसैड फिलिंग्स के लिए पुरस्कृत किया गया। हरियाणा राज्य शिक्षण एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम ने भी उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : कृष्ण लाल गिरधर
**जन्मतिथि** :12 सितंबर 1961
**जन्म स्थान** : गांव-मदीना (रोहतक)
**शिक्षा** : एम.ए. (अंग्रेजी),एम.ए. (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन),एम.एड
**संप्रति** : सेवानिवृत्त प्रवक्ता (अंग्रेजी), लेखक, साहित्यकार, कवि

# ऊर्जा देती है 'नई सोच के नये पंख'





**पुस्तक :** नई सोच के नये पंख
**कवि :** हरीश चंद्र झंडई
**मूल्य :** 250 रुपये
**प्रकाशक :** बोधि प्रकाशन

पुस्तक समीक्षा | शशि कांत चौहान

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरीश चंद्र झंडई का काव्य संग्रह 'नई सोच के नए पंख' पाठकों को नई ऊर्जा प्रदान करती है। इस संग्रह की रचनाएं नया करने की ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ वर्तमान के बदलते युग और भविष्य में आने वाली चुनौतियों के प्रति आगाह करती हैं। यूं तो आज का मानव हर क्षेत्र में तरक्की कर चुका है, परन्तु इन सबके बीच कहीं न कहीं मानवता का ह्रास हो गया है।

डॉ. झंडई की पूर्व प्रकाशित संग्रह नये रास्ते नई डगर, नई सोच के नये रंग, नया सवेरा में भी युवा पीढ़ी को कुछ नया करने का संदेश देते रहे हैं। प्रस्तुत संग्रह की शीर्षक कविता के माध्यम से भी कवि पाठकों को जीवन की तमाम चुनौतियों के बीच, संकीर्ण विचारों को छोड़कर नई उड़ान भरने का आह्वान करता है। जब इंसान नई सोच रखता है, तभी वह बाधाओं पर पार पा सकता है।

'नई सोच के नये पंख' में कुल 80 कविताएं हैं। इन कविताओं में रचनाकार ने भारत के इतिहास से लेकर विश्व की वर्तमान अवस्था, युद्ध के मुहाने पर खड़ी दुनिया, गिरते मानवीय मूल्यों जल संकट, पर्यावरण प्रदूषण, सता लोलूपता और नारी-विमर्श प्रधानता दी है। इतना ही नहीं कवि ने अपने संग्रह की अंतिम कविता 'प्यार की जिंदगी पत्नी है' में जीवन में पत्ती के महत्व को बहुत सुंदर शब्दो में पिरोया है। नई दुनिया में कवि ने एक ऐसी दुनिया की कल्पना की है जिसमें अहंकार, जात-पात की भावना न हो बल्कि संस्कारों की भावना, मानवता और रिश्तों का सम्मान हो। संकट के मुहाने पर खड़ी दुनिया' के माध्यम से कवि ने दुनिया में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के खतरे के प्रति आगाह किया है। 'लौट आये मेरा बचपन' कविता के मानवीय रिश्तों के टूटने का दर्द उभारा है कि किस तरह बचपन हंसता खेलता था और आज परिवार के बुजुर्गो में एकाकीपन है और खुशियों के पर अब नहीं मिलते हैं। आया राम गया राम की बेला' आज की राजनीति की हकीकत बयां करती है। डॉ. हरीश चन्द्र झंडई ने महिला सशक्तीकरण पर भी लेखनी चलाई है। इसमें बेटी की आगे बढ़ने की चाह को उजागर करती कविता के साथ-साथ बेटियों को मजबूत बनने का आह्वान किया है। इसके साथ ही 'मनकों की माला को बिखरने न दो' समाज को एकजुट रहने का संदेश देती है। जिन्दगी है संघर्ष की तपिश हार न मानने और संघर्ष करने का आह्वान है। कुल मिलाकर डॉ. हरीश चन्द्र झंडई 'नई सोच के नये पंख' के माध्यम से अपना संदेश देने में सफल रहे हैं। पुस्तक का आवरण भी प्रशंसनीय है।

## खबर संक्षेप


पौधरोपण करते संगठन के सदस्य।

### समाज कल्याण संगठन ने रोपे अठारह पौधे

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन ने रविवार को अपने साप्ताहिक अभियान में विभिन्न किस्मों के 18 पौधे रोपे। पौधारोपण फव्वारा चौक और इससे आगे रोहतक रोड पर ट्रक यूनियन के परिसर में किया गया। संगठन के सदस्यों ने नए पौधे रोपने के साथ इस अभियान के तहत पहले से रोपित पुराने पौधों की देखभाल भी की। पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई के साथ टैंकर से सिंचाई भी की गई। पुराने पेड़ों की टहनियों की कटाई-छंटाई भी की गई ताकि सडक़ से गुजरने वाले वाहनों को पेड़ों की टहनियां न छूएं। अभियान में संगठन के सदस्यों ने नीम, जामुन, शीशम और अर्जुन के पौधे रोपे। पौधारोपण की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने की। पौधारोपण में संगठन के सदस्य सोनू, अंकित, बिजेंद्र, दीपक, बलजीत जांगड़ा, बलवान, कमल, अमित, प्रवीन और गोल्डी सरदार ने अपनी सेवाएं दी।

### साध संगत ने पटना साहब के दर्शन किए

**सोनीपत।** सोनीपत गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहब सेक्टर 15 व राजमोहल्ला से अमृतवेला ग्रुप के सदस्यों एवं सारी साध संगत ने तख्त श्री हरमंदिर पटना साहब के दर्शन किए। सोनीपत से 180 की संख्या में संगत पटना साहिब गुरुद्वारा साहब पहुंची। तखत श्री हरमंदिर पटना साहब में गुरु गोविंद सिंह महाराज का जन्म हुआ था। उस समय गुरु तेग बहादुर साहब असम की यात्रा पर गए हुए थे। संगतो ने यहाँ गुरुद्वारा बाल लीला साहब एवं गुरुद्वारा कंगन घाट के भी दर्शन किए। संगत द्वारा यहां गुरुद्वारा साहब में शब्द कीर्तन गायन किया गया एवं सुखमणि साहब के पाठ किए गए।

## हवन व संकीर्तन कर हिन्दू नव वर्ष व पावन नवरात्रों का पर्व मनाया

# राष्ट्र के मूल्यों और हिंदू संस्कृति की रक्षा का संकल्प लेकर बनाएं नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन गन्नौर इकाई के सयुंक्त तत्वाधान में नव संवत 2082 हिन्दू नव वर्ष व पावन नवरात्रों का पर्व हवन यज्ञ व संकीर्तन करके मनाया । भारत विकास परिषद के अध्यक्ष संदीप सिंघल ने बताया कि वर्षों की परातन्त्रता के कारण हम अपनी महानतम संस्कृति व परंपराओं को छोड़कर पाश्चात्य रंग में रंग गए है। संभवत है यही हमारी पतन का कारण बनता जा रहा है, हम एक जनवरी को नववर्ष बनाते हैं परंतु उसे दिन नया क्या होता है । वही वातावरण, न कोई फसल, वही भोजन,वेश आदि सब कुछ तो पुराना होता है। राष्ट्र के मूल्यों व हिंदू संस्कृति की रक्षा का संकल्प लेते हुए अपना नववर्ष बनाएं। क्योंकि ब्रह्मा जी द्वारा इसी दिन सृष्टि की रचना की गई थी। योगेश कौशिक ने कहा कि भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। बसंत नवरात्रि अर्थात चैत्र नवरात्रि इसी दिन से प्रारंभ होते हैं । महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना भी आज ही के दिन हुई थी । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार, वरुणावतार संत झूलेलाल का व गुरु तेग बहादुर का बलिदान इसी दिन हुआ ।।सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन शकों पर विजय प्राप्त कर विक्रम संवत प्रारंभ किया इसी दिन महर्षि गौतम जयंती है। राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि इसी दिन सिख गुरु अमर दास को गुरु गद्दी प्राप्त हुई थी।

इस अवसर पर डॉक्टर दीपचंद गर्ग, शिवकुमार गुप्ता, विकास भगवती, निशा कौशिक, भावना जग्या,मनीषा जैन, दीपिका शर्मा,राजेंद्र गुप्ता, कृष्ण गोयल, राजेंदर प्रशाद मित्तल,दिनेश जैन,पवन जिंदल, मनीष बंसल, अमित,सुरेश गोयल,डॉ राकेश जैन गायक अंशुल जिंदल,सत्य किरण दीवान, साहिल आदि मौजूद रहे।


**गन्नौर।** सयुंक्त तत्वाधान में नव संवत 2082 हिन्दू नव वर्ष व पावन नवरात्रों का पर्व मनाते हुए । *फोटो :हरिभूमि*


खरखौदा। भारतीय नववर्ष पर प्रकाश डालते आचार्य प्रदीप। *फोटो :हरिभूमि*

### गांव पहलादपुर किढ़ौली में मनाया भारतीय नव वर्ष

**खरखौदा।** गुरुकुल बरोणा के तत्वावधान में गांव पहलादपुर किढ़ौली में भारतीय नव वर्ष मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ से की गई। गांव के सम्मानित व्यक्तियों ने हवन में पहुंचकर आहुति डाली। हवन का आयोजन बलिदानी भगत सिंह ग्रुप द्वारा किया गया। हवन के पश्चात गुरुकुल आचार्य प्रदीप ने बताया कि चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को हमारा नया वर्ष आता है और इस दिन हम सभी ने अपने घर पर हवन करके इस अपने त्यौहार को मनाना चाहिए। हम सभी ने अपनी संतानों को भी अपनी संस्कृति और त्योहारों के विषय में बताना चाहिए। अधिकतर व्यक्ति 1 जनवरी को अपना नया वर्ष मनाते हैं, जो भारतीय संस्कृति का हिस्सा नहीं है। हम सभी ने अपना नया वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को ही मनाना चाहिए इसी दिन ईश्वर ने सृष्टि का निर्माण किया था। उन्होंने कहा कि असली धर्म तो सिर्फ हिंदू धर्म है, बाकी तो संप्रदाय आदि है। बलिदानी भगत सिंह ग्रुप के अध्यक्ष रविंद्र दहिया, उनकी धर्मपत्नी रितेश, कुमारी ऋग्वेदिता, दीपक, सोनू जांगड़ा , प्रवीन, भगवान सिंह, मनीष, सावित्री आदि मौजूद रहे। हवन के बाद हलवा रूपी प्रसाद का वितरण किया गया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद मंचासीन लोग। *फोटो :हरिभूमि*

## नव विक्रमी संवत पर यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू कॉलेज ऑफ आर्किटेक्ट, प्लानिंग एंड डिजाइनिंग परिसर में नव विक्रमी संवत पर यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र भाटिया ने सभी उपस्थित यजमंगरों को अपने शुभकामना संदेश में यज्ञ करने की प्रेरणा प्रदान की।

हिंदू एजुकेशन एंड चैरिटेबल सोसायटी के भूतपूर्व अध्यक्ष पवन गुप्ता मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। सभी को यज्ञ करने के लाभ बताएं। यज्ञ ब्रह्मा धर्मवीर ने सनातन संस्कृति के महत्व को बताते इसके प्रति सदैव जागरूक रहने की बात कही। सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक संस्थाओं के 1500 से अधिक यजमानों ने यज्ञ में सम्मिलित होकर नूतन वर्ष का स्वागत किया। संदीप आर्य दर्शनाचार्य ने आज के अपने प्राचीन परंपराओं का सम्मान करने तथा उनकी रक्षा के लिए आगे आने की अपील की। आर्तवीर दल के आर्यवीर और वीरांगनाओं ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अथक परिश्रम किया। नगर मे अनेक मार्ग बाधित होने के बाद भी यजमान ने पैदल चलकर भी यज्ञ स्थल पर पहुंचे। यह उनकी यज्ञ के प्रति श्रद्धा और निष्ठा है जिससे प्रेरित होकर सभी ने सम्मिलित रूप से कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने इस प्रकार के कार्यक्रम को सब जगह पर करने की बात रखी।

## ब्रह्मचारिणियों ने भजनों से सबका मन मोहा

- नव वर्ष एवं आर्य समाज स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सभी वेद धर्म का पालन करते हुए सच्चे आर्य बनने का व्रत धारण करें। ऋषि दयानंद द्वारा बताई गई आर्य शब्द की परिभाषा को हम सभी को समझना होगा। इस परिभाषा पर स्वयं को खरे उतरने का पुरुषार्थ करना होगा। तभी आर्य समाज स्थापना दिवस मनाने का औचित्य है। वैदिक नव-वर्ष विक्रमी संवत २०८२ तथा आर्य समाज स्थापना दिवस के पुनीत अवसर पर आर्य समाज 'शहर' बड़ा बाजार, सोनीपत के सत्संग भवन में आयोजित द्विदिवसीय कार्यक्रम में बड़े ही प्रेरक उद्बोधनों द्वारा उपस्थित जनसमूह का मार्गदर्शन किया गया। ख्याति प्राप्त वैदिक विदुषी एवं गुरुकुल आर्ष कन्या विद्यापीठ, नज़ीबाबाद (बिजनौर) उप्र की आचार्य प्रियंवादा वेद भारती तथा वैदिक सिद्धांत मर्मज्ञ पंडित आचार्य राम चन्द्र आर्य के सारगर्भित प्रवचनों से श्रोतागण काफ़ी प्रभावित हुए। गुरुकुल नज़ीबाबाद की ब्रह्मचारिणियों ने अपने द्वारा प्रस्तुत भजनों से सब का मन मोह लिया। प्रभु भक्ति, ऋषिवर स्वामी दयानन्द के अनगिनत उपकारों को मधुर कंठ से गाए गीतों से पं सहदेव 'सरस' (नोएडा) ने भी सभी को भाव विभोर कर दिया। आर्य समाज,आर्ष गुरुकुलों को अपनी उल्लेखनीय और उत्कृष्ट के द्वारा वैदिक धर्म की महती सेवाएं करने वाले, वैदिक सिद्धान्तों को सरलता से जन सामान्य को समझाने में सक्षम वैदिक मनीषी विद्वान पण्डित रामचन्द्र आर्य को उनके अमृत महोत्सव पर आर्य समाज की ओर से सम्मानित और अभिनन्दित किया गया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

# हवन में आहुतियां देकर समाज में सुख-समृद्धि की कामना की

- मंदिर में हिंदू नव वर्ष का स्वागत हवन में आहुति देकर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में गुढा मार्ग स्थित आर्य समाज मंदिर में हिंदू नव वर्ष का स्वागत हवन के साथ किया गया। हवन में समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालकर समाज में सुख-समृद्धि की कामना की। आर्य समाज गोहाना इकाई के अध्यक्ष धर्मपाल आर्य ने कहा कि हिंदू नव वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। यह दिन समृद्धि, विकास, प्रेम और आध्यात्मिक विकास का प्रतीक है। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इसी दिन से विक्रम सम्वत के नए साल की शुरुआत होती है। यज्ञ के पुरोहित सभा के पूर्व प्रधान अजीत आर्य थे।


**गोहाना।** हवन में आहुतियां डालते आर्य समाज के प्रतिनिधि। *फोटो :हरिभूमि*

## गांव कामी में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ सुना प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम

- भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह का किया ग्रामीणों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने गांव कामी बूथ संख्या 209, 210, 211के कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात का 120 वां कार्यक्रम देखा । गांव में पहुंचने पर भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा व चेयरमैन रविन्द्र दिलावर का फूलमालाओं से स्वागत किया । कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेहरा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की युवा पीढ़ी को आधुनिक भारत के दर्शन होते है और नई जानकारी भी देखने को मिलती है। प्रधानमंत्री का प्रत्येक मन की बात कार्यक्रम नई सोच को लेकर आता है और उनकी हर बात मन को छूने वाली होती है।


**गन्नौर।** मन की बात कार्यक्रम को आजाद नेहरा ग्रामीणों के साथ सुनते हुए ।

# छात्रों ने किया अजीत इंडस्ट्रीज सैदपुर का शैक्षिक भ्रमण

## प्राचार्या किरण सरोहा ने औद्योगिक भ्रमण को छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा के वाणिज्य विभाग के छात्रों ने महाविद्यालय और अजीत इंडस्ट्रीज, सैदपुर के बीच हुए समझौता ज्ञापन में ( एम ओ यू) के तहत शैक्षिक औद्योगिक भ्रमण किया। इस दौरे का आयोजन छात्रों को व्यावसायिक और औद्योगिक गतिविधियों की व्यावहारिक समझ प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। भ्रमण का नेतृत्व वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर एवं आईपीआर सेल प्रभारी डॉ. प्रियंका ने किया। इस औद्योगिक भ्रमण के दौरान 19 छात्रों को अजीत इंडस्ट्रीज की उत्पादन प्रक्रिया, श्रम प्रबंधन, आपूर्ति श्रृंखला एवं वित्तीय नियोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। छात्रों ने उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और व्यावसायिक प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं को समझा। - इंडस्ट्री के विशेषज्ञों ने दी जानकारीः इस अवसर पर विक्की छिक्कारा, वर्धन शर्मा, आलोक कुमार पांडेय, प्रतीक सैनी व भूपेंद्र कुमार ने छात्रों को उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, विपणन रणनीतियों और औद्योगिक चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। छात्रों ने उनसे अपने प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या किरण सरोहा ने इस औद्योगिक भ्रमण को छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक दौरे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी उन्नति को समझने के लिए छात्रों को वास्तविक कार्यस्थलों का अनुभव लेना आवश्यक है।


छात्रों को जानकारी देते इंडस्ट्रीज विशेषज्ञ।

## परीक्षा परिणाम में अग्रणी स्थान हासिल करने वाले छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

रविवार को द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द में वार्षिक परिणाम दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत उद्बोधन से की गई। इसके बाद नर्सरी से ग्यारहवीं कक्षा तक के प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, श्रेष्ठ अभिभावकों तथा अलग-अलग श्रेणियों में उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वार्षिक परिणाम को पाकर बच्चों के चेहरे पर उत्साह की खुशी थी। स्कूल का वार्षिक परिणाम शत- प्रतिशत रहा। स्कूल चेयरमैन उत्सव दहिया ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों पर भी पूरा ध्यान दिया जाता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही उज्वल भविष्य की कुंजी है। विद्यालय निदेशिका पूजा दहिया ने कहा कि छात्र-छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों की भूमिका सराहनीय है। प्रधानाचार्य संजीत कुमार नैन ने छात्र-छात्राओं को मेहनत , संस्कारवान, अनुशासन के साथ आगे बढ़ने तथा सुशिक्षित नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।


विद्यार्थियों को सम्मानित करते चेयरमैन उत्सव दहिया।

## यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने जाना सेवा कार्यों का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन स्तिथ सेक्टर के कम्युनिटी सेंटर में ब्रेकिंग डा मिथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके अंतर्गत अशोका यूनिवर्सिटी से सोशल सेक्टर कोर्स की पढ़ाई कर रहे 70 विद्यार्थी जो विभिन्न राज्यों से पढ़ने आया है और 2 विदेशी विद्यार्थी और साथ में प्रोफेसर अद्वैता व सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप से एकान्तों गोश शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रासरूट लेवल पे संस्थाएं कैसे काम करती हैं के बारे में अनुभव करवाना था। बच्चों द्वारा सभी का स्वागत किया गया और सदस्य मीनू अग्रवाल ने सभी को संस्था के कार्यों के बारे में बताया की किस तरह पिछले 6 वर्षों से स्वयंसेवकों के सहयोग से ये संस्था अनेकों कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है । साथ ही हमारे सोनीपत के लोकप्रिय मेयर राजीव जैन जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और इस सुंदर आयोजन करने के लिए अपना आशीर्वाद दिया ।इसके बाद यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों व पाठशाला के बच्चों के साथ एक्टिविटी का आयोजन किया गया जिसमे 20 ग्रुप बनाये गए। रमेश जैन, डॉ सुरेश जैन, विनोद मौजूद रहे।





**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### ऋषिकुल विद्यापीठ में काउंसलिंग सत्र का आयोजन

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में संकाय चयन हेतु काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने सहर्ष भाग लिया। इस काउंसलिंग सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके करियर विकल्पों के बारे में जानकारी देना और सही दिशा में मार्गदर्शन करना था। विद्यार्थियों के सामने इस समय उच्च शिक्षा और करियर चुनने की चुनौती चर्मोत्कर्ष स्तर पर हैं। आयोजन में विक्रम सिंह तोमर, मोनिका झा ने विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग की तथा विभिन्न संकायों के प्रमुख अध्यापकों ने अपने अनुभव के आधार पर मार्ग दर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चेयरमैन एस के शर्मा द्वारा स्वागत भाषण से की गई। उन्होंने बताया कि आज के समय में करियर का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। संकाय चयन इसमें प्रथम पड़ाव है। अतः गहन ज्ञान उचित दिशा गमन में सहायक होगा। विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने विभिन्न नवीन विषयों पर चर्चा की व सही चयन हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया तथा इस जागरूक व प्रभावी सत्र से विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के लिए आभार प्रकट किया।

## जिम्मेदार अधिकारी भी बरत रहे लापरवाही, पार्क की सुरक्षा राम भरोसे

# लहरी सिंह पार्क की देखरेख पर हर महीने हजारों खर्च लेकिन आवारा पशुओं को निकालने वाला कोई नहीं

**पौधों का भी ठीक तरह से रख रखाव ठीक नहीं हो रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर नगर पालिका द्वारा साथ लगते लहरी सिंह पार्क की देखरेख करने, साफ सफाई रखने के लिए प्रति माह करीब 32 हजार रुपये का ठेकेदार को टेंडर दिया गया है । इसके बावजूद हालात यह है कि पार्क में जब भी आवारा पशु घुस जाते हैं तो उन्हें निकालने वाला कोई नहीं होता, परेशान होकर साथ लगते जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय के कर्मचारियों को निकालना पड़ता है । आवारा पशुओं की समस्या न केवल स्वच्छता के लिए खतरा है, बल्कि यह पार्क में घूमने आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। पार्क में घूमने आए महेंद्र, रणबीर ने बताया कि पार्क की देखरेख के लिए नगर पालिका प्रतिमा हजारों रुपये खर्च रही है और पार्क में इस तरह आवारा पशु घूम रहे हैं तो ठेकेदार इसके प्रति जिम्मेदारियां नहीं निभाता है तो वही नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों को भी पूरा नहीं कर रहे। पार्क में घूमने आई महिलाओं ने बताया कि वे शाम को घूमने आती है तो पार्क में घूमने के लिए बनाए गए ट्रैक पर भी साफ सफाई नहीं मिलती और पार्क में लगाए पौधों का भी ठीक तरह से रख रखाव ठीक नहीं हो रहा। जिससे पार्क का सौंदर्यकरण बिगड़ रहा है। शहरवासियों ने विधायक व प्रशासन से मांग की है कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और देखरेख के लिए हुए टेंडर एजेंसी को भी सख्त आदेश दिए जाएं।




**गन्नौर।** जन स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी पार्क से आवारा पशुओं को निकलते व पार्क में घूमता हुआ गोवंश । *फोटो :हरिभूमि*

### ठेकेदार जिम्मेदारीः जेई

नगरपालिका के जेई अरविंद ने पार्क में मिली कमियों को लेकर बताया कि यह पूरी जिम्मेदारी ठेकेदार की है उन्होंने पार्क के सौंदर्य करण को लेकर साफ-सफाई व पौधों की नलाई, देखरेख का प्रति माह हजारों रुपए का एजेंसी को टेंडर दिया है । पार्क में आवारा पशु घुसे हैं तो ठेकेदार को बोला जाएगा ।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में मिली लावारिस बच्ची की पहचान हुई

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत रूट पर ट्रेन में लावारिस मिली बच्ची की पहचान हो गई है। बच्ची मूल रूप से असम की रहने वाली है और उसके स्वजन रोहतक के गांव जसिया में ईंट भट्ठे पर काम करते हैं। जीआरपी के गोहाना प्रभारी बलवान सिंह रोहतक पुलिस को सूचना दी। 27 मार्च को 13 साल की बच्ची गांव जसिया व घिलौड़ से अज्ञात कारणों से ट्रेन में चढ़ गई थी। वह ट्रेन में चढ़ने के बाद रोने लगी तो यात्रियों ने उसे बातचीत की और जीआरपी गोहाना चौकी में सूचना दी। जीआरपी द्वारा बच्ची को सीडब्ल्यूसी द्वारा काउंसलिंग कराकर बाल भवन रोहतक में छोड़ा गया। बच्ची ने स्वयं को असम की रहने वाली बताया था। पुलिस ने असम के थानों के नंबर जुटाकर वहां बच्ची का फोटो भेजा गया। असम के रंगिया थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बच्ची को पहचाना, जो उसका मामा है। बच्ची का नाम हुसाबानो है।

### कर्मचारी 2 अप्रैल को करेंगे गेट मीटिंग

**गोहाना।** केंद्र सरकार ने नेताओं को 24 प्रतिशत व कर्मचारियों को मात्र 2 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त जारी की है, जो कर्मचारियों के साथ एक भद्दा मजाक है। केंद्र सरकार ने 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों व पेंशनर को 8वें वेतन का लाभ न देने का कानून पास किया है। कर्मचारी इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। सर्व कर्मचारी संघ की गोहाना इकाई के सचिव सुरेश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार वेतन आयोग के नियमों से छेड़छाड़ न करे। वेतन आयोग का गठन तुरंत किया जाए व इसकी सिफारिशें समय पर लागू की जाएं। वे बोले कि हरियाणा सरकार प्रदेश का अलग से वेतन आयोग गठित करे। कर्मचारियों को 5 हजार रुपये महीना जोखिम भत्ता दिया जाए। इन सभी मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित कर्मचारी अपने-अपने विभाग में 2 अप्रैल को गेट मीटिंग करके विरोध जताएंगे।

### पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया

# विवाहिता ने फंदा लगाया, भाई का आरोप पति देता था तलाक की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-15 में पति और डेढ़ साल की बच्ची के साथ किराए पर रह रही विवाहिता ने दहेज प्रताड़ना से तंग आकर फंदा लगाकर जान दे दी। मायका पक्ष का आरोप है कि पति, जेठ, सास-ससुर प्लाट खरीदने के लिए उससे सात लाख रुपये की मांग कर रहा थे। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।


सोनीपत। मृतक का फाइल फोटो व अस्पताल में पहुंचे मृतका के परिजन। फोटो : हरिभूमि

गांव पसीना कलां निवासी प्रीतम ने बताया कि उसकी बहन प्रियंका की शादी आठ अप्रैल, 2022 को गोरड के सचिन के साथ हुई थी। ससुराल में उसको दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। सास उसे कम दहेज लाने के लेकर ताने देती। वहीं, सचिन अक्सर मारपीट करता। कई बार सचिन और उसके परिवार वालों को समझाया भी गया। जिसके बाद सचिन उसे सेक्टर-15 में लेकर आ गया। इसके बाद सचिन के भाई अनुराग ने सेक्टर-15 में आकर उसके साथ मारपीट की। उसे सचिन को छोड़कर जाने का दबाव डालता। प्रियंका ने सचिन को गांव में चलकर रहने की बात कही, तो सचिन ने मना कर दिया। इसके बाद प्लाट लेने के लिए सात लाख रुपये की मांग करने लगा।

सचिन बाइक की भी मांग कर रहा था। मना करने पर सचिन ने उसे तलाक देने या जान से मारने की धमकी दी थी। जब उसके मायका पक्ष को पता चला तो सचिन को फोन कर कहा कि वो शनिवार को उनके पास आएंगे। दोनों को बैठाकर बातचीत करेंगे। इसके बाद सचिन ने कहा कि वह 15 दिन के लिए घर से बाहर गया है। शनिवार को भी सचिन से बात हुई। उसने बाहर होने की बात कही। इसके आधे घंटे बाद ही सचिन ने फोन कर कहा कि प्रियंका ने फांसी लगा ली है। वह मौके पर पहुंचे तो प्रियंका के गले और शरीर पर चोट के निशान थे। उसके साथ मारपीट की गई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फारेंसिंक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए।

#### आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा

संदिग्ध हालत में महिला की मौत की सूचना मिली थी। इस संबंध में ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**-सवित कुमार**, प्रभारी, सेक्टर-27 थाना सोनीपत

#### प्रियंका की छोटी बहन की शादी के बाद बढ़ी मांग

प्रियंका के भाई का आरोप है कि उनकी छोटी बहन की दो मार्च को शादी हुई थी। सचिन को प्रियंका की बहन को दिए गए दान-दहेज को लेकर आपत्ति थी। वह प्रियंका को भी अपने माता-पिता से बहन के बराबर दहेज लाने का दबाव बना रहा था। इसके बाद वह तलाक देने या जान से मारने की धमकी दे रहा था।


गन्नौर। हलका विधायक देवेंद्र कादियान का गौशाला कमेटी के साथ सरपंच प्रमोद ढाका स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# गोमाता की सेवा को माना गया परम कर्तव्य:विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सनपेड़ा के राजकीय स्कूल के मैदान में रविवार को भगत करतार सिंह गोशाला का चौथा वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने हरियाणवी रागनियों के जरिए गोमाता का महत्व बताया। उन्होंने कहा, हर घर में गाय होनी चाहिए। जहां गाय होती है, वहां बीमारी नहीं आती। रागनियों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति की झलक भी दिखाई गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों का उत्साह देखने लायक था। वार्षिकोत्सव की शुरुआत हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने भगत करतार सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की। गौशाला कमेटी और ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रमोद ढाका ने की। विधायक कादियान ने कहा, भारत ऋषियों, तपस्वियों और वीरों की भूमि है। प्राचीन काल से ही हिंदू धर्म में गोमाता की सेवा को परम कर्तव्य माना गया है। आज भी लोगों को गोसेवा करनी चाहिए। इससे पुण्य मिलता है और जीवन सार्थक होता है। उन्होंने कहा, हर घर में गाय पालनी चाहिए और भोजन से पहले गाय को रोटी खिलानी चाहिए। गांव के सरपंच गो सेवक प्रमोद ढाका ने कहा, गौमाता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी सेवा और रक्षा करना हमारा धर्म है। कार्यक्रम में भगत करतार सिंह की पत्नी रामकली ने विधायक देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# टेनिस में नैंसी मलिक ने जीता स्वर्ण पदक

- फाइनल मैच में भुटान की टीम को 3-0 के स्कोर से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

16 मार्च, 2025 से 25 मार्च 2025 तक नॉएडा में आयोजित साऊथ एशियन सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता 2025 में लिटल एंजल्स टेनिस एकेड्मी, सोनीपत की खिलाड़ी नैंसी मलिक ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम इवेंट के फाइनल मैच में भुटान की टीम को 3-0 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश से लगभग 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही एकल वर्ग में भी नैंसी मलिक ने श्रीलंका की खिलाड़ी को 5-3 के स्कोर से हराकर कांस्य पदक जीतकर अपने विद्यालय व राज्य का नाम रोशन किया।



**चेयरमैन ने दी बधाई :** विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने नैंसी को बधाई दी व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने नैंसी का फूल मालाओं से स्वागत किया। वहीं उसके भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# सानिया पांचाल को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कश्मीर से कन्याकुमारी तक मैराथन दौड़ पूरी करने पर रविवार को धावक सानिया पांचाल को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह सोनीपत रोड स्थित सिंचाई विश्राम गृह में आयोजित किया गया। रूखी निवासी पंद्रह वर्षीय सानिया पांचाल ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4148 किलोमीटर की दूरी 121 दिन में पूरी करने का लक्ष्य रखा था।


गोहाना। सानिया पांचाल को सम्मानित करते हुए विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

उसने यह दूरी मात्र 98 दिन, 1 घंटा और 50 मिनट में पूरी कर ली।

आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि इतनी छोटी आयु में इतने बड़े लक्ष्य को हासिल करना गर्व का विषय है। समारोह में रूखी के सरपंच प्रतिनिधि राजमल मलिक, राकेश बागड़ी, उमेद पांचाल, कृष्ण पांचाल, गंगाराम पांचाल, कर्मवीर ढलवाल, प्रकाश पटवा ने सानिया पांचाल को सम्मानित किया।



### गांव बिधलान में जनहित फाउंडेशन ने करवाया शिविर का आयोजन, 40 युवाओं ने किया रक्तदान

खरखौदा। जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा गांव बिधलान में रक्तदान शिविर लगाया गया। अंग्रेजी विषय के प्रवक्ता पूर्ण सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हर युवा को वर्ष में चार बार रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से हमारे शरीर में कोई कमी नहीं आती है, बल्कि इसका लाभ ही मिलता है। फाउंडेशन अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और गांव के सभी युवाओं ने कहा कि हम भविष्य में अपने गांव में ऐसे ही सामाजिक कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर भूमित दहिया, राहुल दहिया, रवि मलिक,अजय मलिक उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



### मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों से नई चीजें सीखने की अपील की

राई। राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत के आवास पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रेस सचिव योगेश के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मन लगाकर सुनी। कार्यक्रम के उपरांत सबने एकजुट होकर सभी बातों पर गंभीरता से चिंतन किया और संकल्प लिया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर दिशा-निर्देश की पूर्ण ईमानदारी से अनुपालना करेंगे। योगेश ने बताया कि प्रधानमंत्री ने गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों से नई चीजें सीखने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के पास काफी समय होता है। इस समय में बच्चों को नई चीजें सीखनी चाहिए और इस समय का इस्तेमाल अपने स्किल्स को बेहतर बनाने के लिए करना चाहिए। ऐसे प्लेटफॉर्म की कमी नहीं, जहां वे काफी कुछ सीख सकते हैं। गर्मियों की छुट्टियों के लिए तैयार किया गया है। संस्कृति और खेल गतिविधियों का भी हिस्सा बन सकते हैं। वहीं अंबेडकर जयंती पर पदयात्रा में भागीदारी कर आप संविधान को लेकर जागरूकता फैला सकते हैं।' प्रधानमंत्री ने लोगों से जल संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि बारिश की बूंदों को संरक्षित करके हम बहुत सारा पानी बर्बाद होने से बचा सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में इस अभियान के तहत देश के कई हिस्सों में जल संरक्षण के अभूतपूर्व काम हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स के बारे में बात की और बताया कि इस बार पहले से ज्यादा खिलाड़ी इन खेलों में हिस्सा ले रहे हैं, जिससे पता चलता है कि पैरा स्पोर्ट्स लोगों के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में विधायक कृष्णा गहलावत के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।


राई। प्रेस सचिव योगेश के नेतृत्व में कार्यकर्ता मन की बात सुनते हुए । फोटो : हरिभूमि


गोहाना। मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानमंत्री ने 2047 तक देश को विकसित बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने में सहयोग दें

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ0. अरविंद शर्मा व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने गोहाना विधानसभा के गांव जुआं स्थित बूथ नंबर 136 पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 120वां संस्करण सुना। यह कार्यक्रम जुआं में भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं गांव के सरपंच विनोद कुमार द्वारा आयोजित किया गया। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक मन की बात कार्यक्रम नई सोच को लेकर आता है। कार्यक्रम से नौजवानों और देशवासियों को कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है जो उनको जीवन में आगे बढने में प्रेरणादायक सिद्घ होता है। मंत्री बोले कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करने में प्रत्येक देशवासी पूरी मेहनत से आगे बढ़ रहा है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विदेशों में की गई यात्राओं के अनुभवों को सांझा करते हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हमारे भारतीय विदेशों में भी जाकर हमारी संस्कृति, विचार और रीति रिवाजों को जिंदा रखते हैं। हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर अपनी रिति रिवाजों व विचारों को कभी नहीं भूलना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेन्द्र मलिक, जसबीर दोदवा, बलराम कौशिक, जुआं-2 के सरपंच सुरेन्द्र, भूपेन्द्र मुद्गिल व जस्सी खुराना सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे।

### हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की खरखौदा इकाई ने निकाला भव्य पथ संचलन



**खरखौदा।** हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की खरखौदा इकाई द्वारा भव्य पथ संचलन निकाला गया। हिंदू नव वर्ष भारतीय संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और भगवान राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। इस समय रबी की फसल पककर तैयार हो जाती है और प्रकृति में नवजीवन का संचार होता है। शहर के चौ. टीकाराम स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में कार्यक्रम की शुरुआत परंपरा अनुसार भगवा ध्वज प्रणाम के साथ हुई। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्वयंसेवकों को हिंदू नव वर्ष के महत्व और संघ के आदर्शों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रोहतक विभाग के विभाग कार्यवाह डा. देवेंद्र उपस्थित रहे। उनके साथ जिला कार्यवाह जयदीप, खंड कार्यवाह डा. अनिल दहिया, प्रवीण, बौद्धिक प्रमुख राकेश, जयकुमार राणा, सुरेश दहिया सहित 100 स्वयंसेवक मौजूद रहे। सभी ने मिलकर हिंदू संस्कृति और समाज सेवा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। जिसके बाद शहर भर में पथ संचलन निकाला गया।

### डीएवी पुलिस पब्लिक में वार्षिक अभिभावक-शिक्षक बैठक संपन्न, बच्चों की प्रगति को लेकर मंथन



**सोनीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में नर्सरी–सातवीं कक्षा के लिए वार्षिक अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या सविता धनखड़ ने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद से छात्रों की शिक्षा में सुधार संभव है। शिक्षकों ने प्रत्येक कक्षा के प्रदर्शन की समीक्षा प्रस्तुत की और अभिभावकों को उनके बच्चों की प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले और पाठ्यसहगामी गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। अभिभावकों ने शिक्षकों का आभार प्रकट किया और अपने विचार साझा किए। अंत में, विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की सहभागिता की उम्मीद जताई।

### खरखौदा को सोनीपत जिले में रखे जाने की आधिकारिक घोषणा तक संघर्ष रहेगा जारी : दहिया



**खरखौदा।** खरखौदा क्षेत्र को गोहाना जिले में शामिल किए जाने से बचाने के लिए क्षेत्रीय लोगों की पंचायत हुई। जिसकी अध्यक्षता मास्टर राजेंद्र सिंह दहिया खांडा ने की। मंच का संचालन हंसराज राणा ने किया। बड़ी संख्या में लोगों ने पंचायत में हिस्सा लिया। उपस्थितों में महिलाओं की हाजिरी उल्लेखनीय रही।

तमाम वक्ताओं का कहना था कि किसी भी सूरत में गोहाना जिले में शामिल होंगे। इतना ही नहीं, इस प्रयास के खिलाफ जोरदार आंदोलन चलाया जाएगा। आंदोलन को सुचारू रूप से चलाने के लिए 21 व्यक्तियों की कमेटी व 30 व्यक्तियों को संयोजक नियुक्त किया गया। महिलाओं की तरफ से नीलम तुर्कपुर व तृप्ता ने अपने विचार रखे। उनका कहना था कि महिलाएं आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेंगी और कोई कुर्बानी देने से पीछे नहीं हटेगी। पंचायत में फैसला लिया गया कि सभी गांवों की ग्राम सभाओं के प्रस्ताव एकत्रित जाएंगे तथा मुख्यमंत्री, गवर्नर, विधायक को ज्ञापन दिए जाएंगे।

### ग्लोबल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा तीसरी से कक्षा 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं में अच्छे अंक लेकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और ट्राफी प्रदान करके सम्मानित करके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ।



गोहाना। मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

मुख्यातिथि स्कूल की अध्यक्ष उमा जाले, प्रबंधक वरुण जाले और एमडी पंकज जाले रहे। अध्यक्षता प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य जतिन आनंद का रहा। वार्षिक परीक्षाओं में कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में अंशुल ने प्रथम, ईशु ने द्वितीय व विनिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में अनन्या, प्रतिष्ठा और वंशिका, कला संकाय में अंशिका, रिशा और प्रियंका क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा 9वीं में भूमिका व नितिन ने प्रथम, सोनल व यश ने द्वितीय तथा राधा व अंशुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8वीं में सुषमा, लक्ष्य और भविष्या ने प्रथम, अंशिका, अर्पिता और छवि ने द्वितीय तथा वंशिका, नकुल और रितेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7वीं में सानवी, इशिका, एलक्स और रितिक ने प्रथम, कार्तिक राणा, दीक्षा और कुंज ने द्वितीय, वंशिका, तनय और वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी में हर्षित राणा, प्रिंसी, रीतिका और दिव्यांश ने प्रथम, धृति, वंशिका और रिया ने द्वितीय, दिव्यांशु, केशव, दक्ष और अक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।